Request for a DPR for Ujjain-Jhalawar Rail Line

श्री अनिल फिरोजिया **(उज्जैन) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा सबका विकास, सबका विश्वास और इसी तारतम्य में उन्होंने सामान्य रेल डिब्बे बढ़ाने का काम किया है । 2500 रेल डिब्बे बढ़ाए हैं, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए उन्होंने पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, उसका डीपीआर जल्दी से जल्दी बनाने का कष्ट करें । धन्यवाद ।